आईआईटी उद्योगों को देगा तकनीक का सहारा

अमर उजाला ब्यूरो

तीन दिवसीय 'इंडस्ट्री-इंस्टीट्यूट-सोसाइटी कानक्लेव' की शुरुआत

वाराणसी। आईआईटी(बीएचयू) की तरफ से आयोजित तीन दिवसीय 'इंडस्ट्री-इंस्टीट्यूट-सोसाइटी कानक्लेव' की शुरुआत एबीएलटी सभागार में हुई। इस समागम का उद्देश्य यहां से निकले सुझावों व अनुभवों के आधार पर आईआईटी(बीएचयू) समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपना तकनीकी सहयोग देगा।

निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार जैन की अध्यक्षता में शुरू हुए तीन दिवसीय कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में डीडीएम नाबार्ड सुशील कुमार तिवारी, उप निदेशक एमएसएमई वीके वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। आईआईटी(बीएचयू) के निदेशक ने कहा कि समाज के सभी वर्गों से बिना संवाद स्थापित किए किसी प्रकार की तकनीकी संवर्धन अथवा अनुप्रयोग की कोशिशें कभी भी सार्थक नहीं हो सकती। इसीलिए यह आयोजन हो रहा है। समागम के संयोजक प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र ने संस्थान-समाज और उद्योग के आपसी संवाद को विकास की पहली शर्त बताया। नवागत निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार जैन ने लघु एवं मध्यम उद्योग, किसानों तथा समाजिक क्षेत्र में काम कर रहे गैर-सरकारी संगठनों के तीन दिवसीय इस जुटान की विस्तृत रूप रेखा पर प्रकाश डाला।

नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक ने उत्पाद के पंजीकरण के रूप में वाराणसी के 17 उत्पादों का उल्लेख किया। धन्यवाद प्रो. प्रदीप श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में प्रो. एसएन उपाध्याय, प्रो. आरसी तिवारी, प्रो. एएसके सिन्हा आदि मौजूद थे।

अमर उजाला – 01.09.2018